भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 590

25 जून, 2019 के लिए प्रश्न

भांडागारण निगम इकाई

590. श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कर्नाटक में चिक्कोडी संसदीय क्षेत्र में एक केन्द्रीय भांडागारण निगम स्थापित करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इसे स्थापित करने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार कृषि उत्पादों के वैज्ञानिक भंडारण हेतु इसे यथाशीघ्र स्थापित करने पर विचार करेगी?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री

(श्री राम विलास पासवान)

(क) से (ग): केन्द्रीय भंडारण निगम के पास बेलगांव जिले में नेहरू नगर में 16648 टन क्षमता का एक वेयरहाऊस पहले से ही है। चूंकि चिक्कोड़ी भी बेलगांव जिले के अंतर्गत आता है , अतः भारत सरकार की फिलहाल कर्नाटक में चिक्कोड़ी संसदीय क्षेत्र में केन्द्रीय भंडारण निगम की अन्य यूनिट स्थापित करने की कोई योजना नहीं है।

****